## पानी भरे गड्ढे में गिरने से बच्चे की मौत

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी के बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मानेगांव कला में गुरुवार दोपहर एक बच्चे की पानी भरे गड्ढे में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार, निहाल (5) पुत्र ज्वाला सिंह ठाकुर गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे घर से खेलने निकला था। खेलते-खेलते वह खेत के पास बने एक पुराने, कुएं जैसे गड्ढे तक पहुंच गया, जो बारिश के चलते पानी से पूरी तरह भरा था। वहां कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं था।

शाम पांच बजे तक निहाल के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के खेतों में तलाश के दौरान एक ग्रामीण को पानी भरे गड्ढे के पास उसकी चप्पल पड़ी मिली। शक होने पर लोगों ने गड्ढे में झांका तो मासूम का शव पानी में तैरता दिखा। सूचना मिलने पर बरघाट पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नन्हें निहाल की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मासूम की मां बेसुध हो गई, वहीं पिता ज्वाला ठाकुर को ग्रामीणों ने मुश्किल से संभाला। गांव के बुजुर्गों और पड़ोसियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया, लेकिन किसी की आंखें नम होने से नहीं बचीं।



### गांव में पसरा मातम

**प्रशासन पर उठे सवाल** - ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि खेतों और बस्तियों के पास बने पुराने गड्ढे, तालाब और कुएं बारिश के मौसम में जानलेवा साबित हो रहे हैं, लेकिन इनके आसपास कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं किए जाते और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी खतरनाक स्थलों को चिन्हित कर वहां उचित घेराबंदी और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## नर्मदा नदी के किनारे मिला युवक का शव

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र में बखारी रैयत गांव के पास नर्मदा नदी किनारे एक शव मिला। स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखा और किंदरई थाना प्रभारी को सूचित किया। मृतक की पहचान बखारी रैयत निवासी चंदरसिंह मरावी (44) के रूप में हुई। चंदरसिंह 7 जुलाई को घर से मार्केट जाने के लिए निकले थे और वापस नहीं लौटे। उनकी पत्नी बिराजोबाई ने अगले दिन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**चार दिन से लापता था, किंदरई थाना प्रभारी ने जताई बाढ़ में बहने की आशंका**

थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राजपूत के मुताबिक, चंदरसिंह का शव बखारीमाल के पास नाले से दूर नर्मदा नदी के किनारे मिला। पुलिस को आशंका है कि सोमवार को आई बाढ़ में वह बह गए होंगे।

पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

## गोटेगांव में हटाया अतिक्रमण

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस नगरीय क्षेत्र के पंजाब बैक के सामने नेहरू मे वर्षा अधिक होने से पानी का भराव हो रहा था यहां नागरिको के द्वारा अस्थाई निमार्ण कर लिया गया था जिससे पानी निकासी न होने से शिकायत प्राप्त हो रही थी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतेन्द शालवार के निर्देशानुसार अनुसार नगर पालिका की स्वच्छता टीम राजस्व लोक निर्माण अतिक्रमण दल ने मौके का निरीक्षण किया जा कर उक्त स्थल से अतिक्रमण हटाकर पानी निकासी कराई गई।



स्थानीय फुहारा चौक से झौतेश्वर रोड पर विघुत मंडल मार्ग के किनारे अस्थाई झोपड़ी बनाकर आधे रास्ते मे दो सब्जी दुकान ठेला लगा कर अतिक्रमण किया था। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था नाली की निमित साफ-सफाई नही हो रही थी जिसका मौके का निरीक्षण कर उक्त अतिक्रमण हटाया गया। एवं समझयत दी गई यदि उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया जायेगा तो संबंधित के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई कि जाकर चालानी कार्रवाई कि जायेगी जिसकी संपूर्ण जबाबदारी संबंधित की होगी।

फुहारा चौक से रेल्वे स्टेशन मार्ग पर फल ,सब्जी ,चाट ठेला लगा कर यातायात प्रभावित किया जा रहा सभी को समझयत दी गई ।

उक्त कार्यवाही मं लोक निर्माण अतिक्रमण प्रभारी सुनील भनार, सहायक विकास राजपूत, राजस्व प्रभारी धर्मेन्द्र झारिया, रमेश रावत, स्वच्छता पर्यवेक्षक सूरज परौची, रामनाथ कटारिया, महेश मट्टू कमलकांत सिलवाट, संजय चादोरिया, गोपाल सेन, मयूर दुबे धनीराम पटेल, अर्पित पटेल, योगेश यादव, हरिओम राय, नवीन कटारिया, गोविंद पाठक, गुलाब चंद्र विषैले, कौशल सोनी, राहुल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## दीक्षा पुंसवन संस्कार संपन्न



**सौसर, देशबन्धु।** गायत्री शक्तिपीठ सौसर में गुरु पूर्णिमा पर्व भव्य रूप में मनाया गया। जिसमे दीक्षा पुंसवन संस्कार संपन्न हुए। दीक्षार्थियों ने प्रतिदिन 108 बार गायत्री मंत्र के जाप के साथ गुरुदीक्षा का संकल्प लिया कल से 40 दिवसीय साधना अनुष्ठान शुरू होगा जिसकी पूर्णाहुति 40 दिन बाद होगी। इसी के साथ पूर्व प्रबंध ट्रस्टी एन आर को शक्तिपीठ प्रबंधन ने सम्मानित किया, इसके साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता. संदीप भाऊ मोहोड ने गायत्री शक्ति पीठ के परिवराजक मिश्रीलाल पवार का शाल श्रीफल से सत्कार किया बगैर सनातनी के सरकार भी अधूरी है अपने व्यक्तव्य में कहा। अंत सभी आए हुए साधकों और गणमान्य का प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे ने आभार प्रकट किया।

## गो माता का किया अंतिम संस्कार

**चौरई, देशबन्धु।** चौरई वार्ड नं 06 कुंडा फाटक हथौड़ा रोड में एक गौ माता द्वारा हानिकारक पदार्थ के सेवन से गौ माता का देहांत हो गया जिसकी जानकारी लगते ही राष्ट्रीय हिन्दू सेना के पदाधिकारी ने तत्काल गौ माता का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया एवं इस पुनीत कार्य में राष्ट्रीय हिन्दू सेना के पदाधिकारी जिला सहमंत्री मोनू यादव, ब्लॉक प्रभारी दीपक निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष लालू यादव, ब्लॉक महामंत्री आयुष शर्मा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी प्रसून तिवारी, गौ रक्षक राजा गोहिया, मठ मंदिर प्रमुख सत्यम विश्वकर्मा, अर्पित राय, नगर मीडिया प्रभारी लक्की साहू एवं अमन विश्वकर्मा राष्ट्रीय हिन्दू सेना के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## शांताराम वानखेडे का निधन

**पिपला नारायणवार, देशबन्धु।** पीपला नगर के निवासी वरिष्ठ एवं श्री दादाजी महाराज के भक्त भाजपा नेता शांताराम वानखड़े 72 वर्ष का बुधवार की रात्रि में खंडवा में निधन हुआ। अंतिम संस्कार गुरुवार को दोपहर 4 बजे पीपला ना वार के स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। श्री वानखड़े गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में निशान लेकर पैदल खंडवा गए हुए थे। जिसमें वानखड़े के निधन पर दादाजी के भक्त, नाते दार रिश्तेदार व्यवसायी राजनीतिक दलों ने नेता नगरवासी, सामाजिक संगठनों ने समाज सहित बड़ी संख्या में की उपस्थित में संपन्न हुई। समाज बंधुओ ने श्री दादाजी महाराज जाप का दो मिनट मौन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गुरु का सम्मान करना हमारी संस्कृति : नीता

**सौसर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 10 जुलाई 2025 को शासकीय महाविद्यालय सौसर में गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित गुरु पूर्णिमा व एक पेड़ मां के नाम का पर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डी.के.इंदोरकर के मार्गदर्शन में, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ व इको क्लब द्वारा मनाया गया ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर अबांडकर, गायकवाड कोचिंग के संचालक गायकवाड तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व भागीदारी समिति की सदस्य नीता बोडके साथ ही समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में गायकवाड़ ने कहा कि एक बच्चे का भविष्य निर्माण में सर्वाधिक योगदान उसकी प्रथम शिक्षिका माता व उसके गुरु का होता है। नीता बोडके ने बताया कि गुरु शिष्य की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। गुरु का सम्मान करना हमारी संस्कृति है।

चंद्रशेखर अबांडकर ने कहा हजारों छात्रों के भविष्य का निर्माण ना कोई कलेक्टर कर सकता है और ना कोई मंत्री यदि किसी का कोई भविष्य बना सकता है तो वह है शिक्षक । शिक्षक यदि पूरी ईमानदारी से कार्य करें तो इस देश को विश्व गुरु बनने में कोई नहीं रोक सकता।

**शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व**



कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर एन.के. गेडाम ने बताया गुरु शिष्य की परंपरा तथा गुरु पूर्णिमा का पर्व महात्मा बुद्ध द्वारा ज्ञान प्राप्ति के पश्चात पांच ब्राह्मण शिष्य को दिए प्रथम धम्म उपदेश से प्रारंभ होता है।

मौर्य काल में भारत शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरु बन पाया। भारत में अध्ययन के लिए देश-विदेश से छात्र आया करते थे। शिक्षा के महत्व पर बात करते हुए बताया कि किसी देश को यदि बर्बाद करना है। तो एटम बम की जरूरत नहीं है सिर्फ शिक्षा को बर्बाद कर दो वह देश स्वतः ही बर्बाद हो जाएगा इसीलिए वर्तमान समय में शिक्षा को बचाना न केवल शिक्षक की जिम्मेदारी है बल्कि आम जनता की भी है जिम्मेदारी है।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डी.के.इंदुरकर ने कहां की एक शिक्षक शिल्पी की तरह होता है, जो अपने छात्रों के भविष्य को आकार देने का काम करता है। साथ ही गुरु पूर्णिमा की सभी को हार्दिक मंगल कामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

मंच संचालन श्री विजय मंडरा राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्इंद्रपाल राऊत हिंदी विभाग, इंदू तांडेकर अर्थशास्त्र विभाग, शिखा साहू समाजशास्त्र विभाग अज्ज बिरैया ग्रंथपाल तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वामी ब्रम्ह्मानंद के समाधि स्थल पर मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानेगांव में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्री ब्रह्मलीन स्वामी ब्रम्ह्मानंद महाराज की समाधि स्थल पर पूजन अर्चन किया गया हर वर्ष गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम मानेगांव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया गया है।



गुरु पूर्णिमा पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल विधायक महेंद्र नागेश व्यवस्थापक कुंवर हेमेंद्र सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे तरवर सिंह पटेल मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह लोधी ओमप्रकाश पटेल सरपंच निलेश तिवारी राजेश राजपूत सहित बड़ी संख्या भक्त हर वर्ष गुरु पूर्णिमा पर समाधि स्थल मानेगांव पहुंचते हैं और गुरु का पूजन करते हैं।

## नेमा ने पदभार ग्रहण किया



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव तहसील में विगत दिवस बरहटा सर्किल का कार्यभार राजीव नेमा ने ग्रहण कर लिया। इसके पहले पदस्थ रमाकांत चौकसे का स्थानांतरण छिंदवाड़ा और छिंदवाड़ा में पदस्थ रहे राजीव नेमा का स्थानांतरण गोटेगांव बरहटा सर्किल हुआ । जिसमें आज शुक्रवार को श्री नेमा ने कार्यभार ग्रहण किया। जनता ने आशा व्यक्त की है कि श्री नेमा के कार्यकाल में बरहटा सर्किल प्रगति के नए सोपान तय करेंगे।

## शासकीय महाविद्यालय में नि:शुल्क पुस्तक वितरण

**छपारा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया ग्रंधपाल शैलेंष वर्मा ने बताया है कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें एक योजना यह भी है की अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्राओं को पाढय सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जाए । इस योजना के अंतर्गत आज 12 जुलाई को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस आर बेलबंशी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण की गई पुस्तक वितरण में शैलेंष वर्मा श्रीमती आरती बर्मन द्वारा सहयोग किया गया ।



## युवक का शव मिला, दो हिरासत में

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी नगर के बारा पत्थर निवासी राजनीतिक परिवार से जुड़े पवन उर्फ सोनू पाराशर का शव मानेगांव के समीप एक गड्ढे में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। दो दिन से लापता थे। इस मामले में दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस हत्या प्रकरण में कल खुलासा किया जा सकता है। सोनू का शव शुक्रवार दोपहर मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

शास्त्री वार्ड निवासी सोनू पाराशर (उम्र लगभग 45 वर्ष) को आखिरी बार मंगलवार रात मानेगांव क्षेत्र में कुछ लोगों के साथ स्कूटी पर देखा गया था। इसके बाद से वह लापता हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

गुरुवार को उनकी एक्टिवा स्कूटी मानेगांव की झाड़ियों के पास खड़ी मिली, जिससे आशंका और गहराने लगी। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे पास के एक गड्ढे में भरे बारिश के पानी में सोनू पाराशर का शव दिखाई दिया। पत्थर बांधकर हत्या की आशंका है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 12 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। श्रावण कृष्ण पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-उ.षा.।**

मेष - आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे।

वृषभ - आज आप विदेश में बसनेवाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है।

मिथुन - आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। क-248-125

कर्क - वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंह - मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं।

कन्या - आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा।

तुला - आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी।

धनु - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें।

मकर - आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे।

कुंभ - आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें।

मीन - आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मॉ-556-238

2,7,3,8,23,78,39,82,45,53,62,19

## कैंप लगा कर किया श्रीअन्न के प्रमाणित बीज का वितरण

**धूमा, सिवनी, देशबन्धु।** ग्राम नागनदेवरी में केंद्र सरकार की प्रस्तावित श्री अन्य योजना के विस्तार और प्रचार प्रसार के लिए कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रशांत पटेल ,कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री कविता सोनी ने ग्राम नागन देवरी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रांगण में क्षेत्रीय किसानों का कैंप लगाकर श्री अन्न के प्रमाणित बीज का वितरण किया ।



कृषि वैज्ञानिक राजेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में दिए गए वक्तव्य का उल्लेख किया , ज्ञात हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 20 23 को बजट पेश करते समय श्रीअन्न योजना का कई बार उल्लेख किया था। निर्मला सीतारमण ने बताया था कि भारत विश्व में मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है। ऐसे में मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को सरकार से प्रोत्साहन की आवश्यकता है। देश में श्री अन्न बाजरा, रागी, ज्वार, कंगनी, कुटकी, कोदो और चीना की पैदावार और खपत को बढ़ाने के लिए सरकार ने श्री अन्य योजना शुरुआत करने का निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री ने कहा था कि इस योजना के अंतर्गत आई सी एम आर में मोटे अनाज की बेहतर पैदावार के लिए विश्व स्तर का केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता है वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय भारत सरकार के प्रस्ताव पर ही आधारित था, कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि श्री अन्न गेहूं चावल की तुलना में अधिक पौष्टिक होता हैं इनमें फाइबर, प्रोटीन, विटामिन तथा खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

श्री अन्न के प्रमाणित बीज के अलावा तिल और रामतिल के प्रजनक बीज का भी कृषकों को निशुल्क वितरण किया गया।कृषि विस्तार अधिकारी कविता सोनी ने जैविक एवं परंपरागत खेती के विषय में कृषकों को विस्तार से बताया समेकित खेती समन्वित खेती मछली पालन, मुर्गी पालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन तथा शासकीय अनुदान पर प्राप्त होने वाले कृषि यंत्रों सुपर सीडर, हैपी सीडर के विषय में विस्तार से बताया।

फसल अवशेष न जलाकर उक्त कृषि यंत्रों और डी कंपोजर के उपयोग पर बल दिया और बीजोपचार की एफआई आर पद्धति फफूंद नाशक, कीटनाशक और राइजोवियम कल्चर के क्रमशः उपयोग के विषय में कृषकों को बताया कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषक चंद्रभान पटेल, शिवकुमार सिरबैया, उप सरपंच प्रशांत पटेल, जुगल किशोर पटेल, उमा शंकर पटेल, कृष्णकुमार यादव, मनोज साहू, अशोक कुलस्ते, समिति प्रबंधक प्रवेश यादव, बलराम झारिया सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने जनता दरबार लगाकर जनता की समस्या का किया समाधान




**सौसर, देशबन्धु।** पाण्डुर्णा जिले भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़ जब से भाजपा के जिला अध्यक्ष बने तब से रात दिन पार्टी के लिए काम तो कर ही रहे लेकिन जिले की जनता को भी प्राथमिकता देने लगे है।

पहले छोटे रूप मे लेकिन वर्तमान मे बड़े रूप मे जनता दरबार लगाकर प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओ को सुनकर उनका समाधान करते है. जो समस्या उनके स्तर की होती है उस समस्या का समाधान त्वरित करते है जो समस्या प्रशासनिक होती है उन समस्याओ का समाधान भी अधिकारीयों बताकर कर दिया जाता है।

अब तो भाजपा के कार्यकर्ताओ के साथ साथ जनता को भी ऐसे लगने लगा की सही व्यक्ति महत्व को पार्टी ने सही जिम्मेदारी दी है।